# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

## प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 12.07.2026

**"थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत हुई चोरी की दो घटनाओं का 24 घंटे के अंदर अनावरण करते एक शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे चोरी का माल मशरूका बरामद।"**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः** दिनांक 11.07.2026 को प्रार्थी कुमार महर्षि पुत्र स्व० शिवकुमार, निवासी ग्राम गोपालपुर खुरहट, थाना हुसैनगंज, जनपद फतेहपुर द्वारा थाना हुसैनगंज पर लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया कि वह रामचन्दन घाट स्थित विभिन्न मंदिरों की देखरेख करता है। दिनांक 10/11.07.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मंदिरों में लगे कुल 11 छोटे-बड़े घंटे-घंटियों की चोरी कर ली गई। प्रातः मंदिर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हुसैनगंज पर मु0अ0सं0 147/2026, धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 11.07.2026 को प्रार्थी प्रदीप कुमार, निवासी कुल्हरपुरवा, पोस्ट नौगांव, थाना हुसैनगंज, जनपद फतेहपुर द्वारा थाना हुसैनगंज पर लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया कि उनके पिता द्वारा गांव के बाहर भगवान शंकर जी के मंदिर का निर्माण कराया गया था, जिसकी देखरेख उनके परिवार द्वारा की जाती है। दिनांक 10/11.07.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में लगे दो घंटे, जिनका वजन क्रमशः 05 किलोग्राम एवं 500 ग्राम था, चोरी कर लिए गए व साथ ही । प्रातः मंदिर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हुसैनगंज पर मु0अ0सं0 148/2026, धारा 303(2), 298 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का विवरणः-** श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा दिनांक 11.07.2026 को विवेचनामत्क कार्यवाही के दौरान उपरोक्त अभियोगों से संबंधित प्रकाश में आया अभियुक्त रूपचन्द्र मौर्य पुत्र सुन्दरलाल मौर्य उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम मकदूमपुर मजरे गोवर्धनपुर थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से 01 अदद घंटा पीतल व 05 अदद घंटी पीतल, 01 अदद नुकीला लोहे का औजार, 01 अदद प्लास, 01 अदद रिन्च व एक अदद मोटरसाइकिल बरामद ।

बरामदगी के आधार पर थाना हुसैनगंज पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर गिरफ्तार अभियुक्त को आज दिनांक 12.07.2026 को आवश्यक विधिक एवं विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

1. रूपचन्द्र मौर्य पुत्र सुन्दरलाल मौर्य उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम मकदूमपुर मजरे गोवर्धनपुर थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर।

**विवरण पूछताछः**- गिरफ्तारशुदा अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि दिनांक 10/11.07.2026 की रात्रि में वह अपने साथी महेश पुत्र जगतपाल, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी ग्राम अजईपुर, थाना खागा, जनपद फतेहपुर के साथ अपनी मोटरसाइकिल संख्या UP71J6779 से रामचन्द्रन घाट पहुंचा था, जहाँ स्थित हनुमान जी मंदिर, दुर्गा जी मंदिर, भगवान शंकर जी मंदिर एवं रामजी मंदिर में लगे एक बड़ा घंटा तथा लगभग 09-10 छोटी घंटियों की चोरी की थी। इसके उपरांत वापस लौटते समय ग्राम कुल्हरपुरवा स्थित भगवान शंकर जी के मंदिर से भी एक बड़ा घंटा एवं एक छोटी घंटी चोरी की थी।

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह एवं उसका साथी चोरी किए गए पीतल के घंटे-घंटियों को कबाड़ियों के हाथ बेचकर प्राप्त धनराशि से अपने खर्चे पूरे करने एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से उक्त चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

## बरामदगी का विवरण-

01 अदद घंटा पीतल व 05 अदद घंटी पीतल, 01 अदद नुकीला लोहे का औजार, 01 अदद प्लास, 01 अदद रिन्च व एक अदद मोटरसाइकिल

## गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 30/2005 धारा 394/411 भादवि (शस्त्र लूट) थाना हथगांव जनपद फतेहपुर,
2. मु0अ0सं0 59/2004 धारा 147/148/149/307 भादवि थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर,
3. मु0अ0सं0 62/2004 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर,
4. मु0अ0सं0 300/2015 धारा 279/304ए भादवि थाना मलवां जनपद फतेहपुर,

5. मु0अ0सं0 31/2020 धारा 60(2) आबकारी एक्ट थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर,

6. मु0अ0सं0 81/2025 धारा 376डी भादवि थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर,

7. मु0अ0सं0 147/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर,

8. मु0अ0सं0 148/2026 धारा 303(2)/317(2)/298 बीएनएस थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री कुंवर प्रखर सिंह थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर

2. हे0कां0 शारदा प्रसाद शुक्ला

3. कां0 फूलचन्द्र

4. कां0 सुमित यादव

5. रि0आ0 रोहित पटेल

6. रि0आ0 नीरज यादव

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद फतेहपुर**